केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/सीई/2-बोर्ड परीक्षाएं-X/2025 दिनांक:- 25.06.2025

## अधिसूचना

**विषय:- 2026 से कक्षा X में दो बोर्ड परीक्षाएं- के संबंध में**

### पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पैरा 4.37 के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं के 'उच्च दांव' (हाई स्टेक्स) वाले स्वरूप को सहज करने के उद्देश्य से, प्रत्येक छात्र को किसी भी शैक्षणिक वर्ष में अधिकतम दो बार बोर्ड परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की जाएगी — एक बार मुख्य परीक्षा के रूप में तथा इच्छानुसार एक बार सुधार हेतु।

आगे, पैरा 4.38 में उल्लिखित है कि "अधिक लचीलापन, छात्र विकल्प, और दो में से सर्वश्रेष्ठ प्रयासों की व्यवस्था लागू करने के अतिरिक्त, बोर्ड परीक्षाओं में प्रमुख रूप से मूल क्षमताओं की आकलन पद्धति को तत्काल सुधार के रूप में शामिल करना चाहिए। समय के साथ बोर्ड परीक्षाओं के ऐसे व्यवहार्य मॉडल भी विकसित किए जा सकते हैं जो परीक्षा के दबाव और कोचिंग संस्कृति को कम करें। कुछ संभावनाओं में शामिल हो सकते हैं: वार्षिक/सेमेस्टर/मॉड्यूल आधारित बोर्ड परीक्षाओं की प्रणाली विकसित की जा सकती है – जिसमें प्रत्येक परीक्षा में बहुत कम सामग्री हो, और वह स्कूल में संबंधित पाठ्यक्रम के ठीक बाद आयोजित की जाए – ताकि परीक्षा का दबाव संतुलित ढंग से बंट सके, पहले की तुलना में कम प्रबल हो, और माध्यमिक स्तर पर 'उच्च दांव' वाली प्रकृति से मुक्त हो; सभी विषयों और संबंधित आकलन को, गणित से प्रारंभ करते हुए, दो स्तरों पर प्रस्तुत किया जा सकता है – जिसमें छात्रों के कुछ विषयों को मानक स्तर पर और कुछ उच्च स्तर पर; और कुछ विषयों की बोर्ड परीक्षाओं को दो भागों में पुनः डिज़ाइन किया जा सकता है – एक भाग वस्तुनिष्ठ प्रकार का जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न हों, और दूसरा वर्णनात्मक (descriptive) प्रकार का।"

### सीबीएसई द्वारा निर्णय

एनईपी-2020 की सिफारिशों और हितधारकों के परामर्श के अनुसार, सीबीएसई ने 2026 से दसवीं कक्षा में दो बोर्ड परीक्षाओं की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है।

### दो बोर्ड परीक्षाओं की योजना

**(i). सामान्य शर्तें**

1. सभी छात्रों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है।

2. सभी उत्तीर्ण और पात्र छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जाएगी।

3. यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक विषयों में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को "आवश्यक पुनरावृत्ति" श्रेणी में रखा जाएगा और वे अगले साल फरवरी के महीने में मुख्य परीक्षाओं में ही परीक्षा दे सकते हैं।

-Page-2/-

4. जिन छात्रों का पहली परीक्षा में परिणाम कम्पार्टमेंट है, ऐसे छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी के तहत दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

5. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अतिरिक्त विषयों की अनुमति नहीं दी जाएगी, छात्रों को स्टैंड-अलोन विषयों में अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(ii) विशेष श्रेणी के लिए योजना**

1. खेल के छात्रों को उन विषयों में दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी जिनकी परीक्षाएं उनके खेल आयोजन के साथ मेल खाती हैं।

2. विंटर बाउंड स्कूलों के छात्र प्रस्तावित विषयों में पहली परीक्षा या दूसरी परीक्षा में बैठने का विकल्प चुन सकते हैं।

3. सीडब्ल्यूएसएन उम्मीदवारों को दी जाने वाली सुविधाएं दूसरी परीक्षाओं में भी दी जाएंगी।

**(iii) आंतरिक मूल्यांकन का संचालन**

1. मुख्य परीक्षाओं से पहले केवल एक बार आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा।

**(iv) परीक्षाओं का कार्यक्रम**

1. मुख्य या पहली परीक्षाएं अभी की तरह फरवरी के मध्य से शुरू होंगी।

2. दूसरी परीक्षा मई के महीने में आयोजित की जाएगी।

**(v) परीक्षाओं में बैठने के लिए पात्रता मानदंड**

1. पहली परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी। प्रथम परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी:

(क) दसवीं कक्षा के नए छात्र

(ख) द्वितीय अवसर कम्पार्टमेंट

(ग) पिछले वर्ष की अनिवार्य पुनरावृत्ति

(घ) सुधार परीक्षा

2. द्वितीय परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी:

(i) सुधार श्रेणी 3 मुख्य विषयों तक

(ii) प्रथम/तृतीय अवसर कम्पार्टमेंट

(iii) कम्पार्टमेंट + सुधार (iv) विषय के प्रतिस्थापन द्वारा उत्तीर्ण छात्रों के लिए सुधार।

**(vi) पाठ्यक्रम और परीक्षा योजना**

1. दोनों परीक्षाएँ वर्ष के लिए निर्धारित पूर्ण पाठ्यक्रम पर आयोजित की जाएँगी।

2. अध्ययन की योजना और परीक्षा योजना वही रहेगी।

**(vii) परीक्षाओं के लिए एलओसी जमा करना**

1. एलओसी भरना और मुख्य/प्रथम परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

2. द्वितीय परीक्षा के लिए एलओसी अलग से भरा जाएगा। हालाँकि, द्वितीय परीक्षा के एलओसी में कोई नया नाम नहीं जोड़ा जाएगा।

3. प्रथम परीक्षा से द्वितीय परीक्षा में विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी, सिवाय नीति के अनुसार अनुमति के।

**(viii) परिणाम घोषणा**

1. सभी छात्रों का परिणाम परीक्षा उपनियमों के अनुसार घोषित किया जाएगा।

2. प्रथम परीक्षा का परिणाम अप्रैल माह में घोषित किया जाएगा।

3. द्वितीय परीक्षा का परिणाम जून माह में घोषित किया जाएगा।

4. मुख्य परीक्षा का प्रदर्शन डिजीलॉकर में उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उपयोग कक्षा ग्यारह में प्रवेश के लिए किया जा सकता है, यदि छात्र सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहता है। द्वितीय परीक्षा के परिणाम के बाद सभी छात्रों को उत्तीर्णता दस्तावेज जारी किए जाएंगे।

5. योग्यता प्रमाण पत्र भी द्वितीय परीक्षा के बाद ही जारी किया जाएगा।

**(ix) परिणाम के बाद की सुविधाएँ**

1. दोनों परीक्षाओं यानी मुख्य और द्वितीय परीक्षा के लिए फोटोकॉपी, सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की सुविधाएँ द्वितीय परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद ही उपलब्ध होंगी।

**(x) कक्षा XI में प्रवेश**

1. मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण न होने वाले छात्रों को कक्षा XI में अनंतिम प्रवेश दिया जाएगा और द्वितीय परीक्षा के परिणाम के आधार पर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

तदनुसार सभी स्कूलों को निर्देश दिया जाता है कि वे 2025-2026 में दो परीक्षाओं की नीति को अभिभावकों और छात्रों के ध्यान में लाएँ और उन्हें नीति के बारे में अच्छी तरह से अवगत कराएँ। यह भी निर्देश दिया जाता है कि छात्रों से उनके द्वारा दिए गए सही विषयों के साथ LOC भरने के लिए सभी प्रासंगिक डेटा सही ढंग से एकत्र करें। चूंकि बोर्ड दो परीक्षाएँ आयोजित करेगा, इसलिए, अभिभावकों, छात्रों और स्कूलों से यह अपेक्षित है कि वे सही डेटा के साथ सभी गतिविधियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

25/6/25

**डॉ संयम भारद्वाज**
**(परीक्षा नियंत्रक)**